TARGET with Alok

31 – 10 – 2019

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सऊदी अरब की यात्रा: दोनों देशों के बीच हुवे 12 समझौते

**प्र**धानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अक्टूबर को सऊदी अरब की यात्रा की। वे सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुल अजीज़ के निमंत्रण पर वहां गये थे। इस यात्रा के क्रम में उन्होंने सऊदी शाह के साथ द्विपक्षीय बैठक किये और युवराज (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ताओं में हिस्सा लिया।

**रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव फोरम**

प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब के फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) फोरम के तीसरे सत्र को सम्बोधित किया। फोरम को सम्बोधित कर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया। दावेस इन डिज़र्ट कहा जाने वाला वैश्विक FII सऊदी अरब का बहुचर्चित वैश्विक वित्तीय सम्मेलन है।



**प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के मुख्य बिंदु :**

अगले पांच वर्षों में भारत को पचास खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत की स्टार्ट-अप कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश करना शुरु कर दिया है।

भारत दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन गया है। भारत में वन बिलियन वियर्स डॉलर से ज्यादा वैल्यूएशन वाले विनिकॉम की संख्या बढती जा रही है। हमारे कई स्टार्टअप्स वैश्विक स्तर पर निवेश करने लगे हैं।

प्रधानमंत्री ने ग्लोबल बिजनेस को प्रभावित करने वाले पांच बड़े ट्रेंड की बात की। पहला ट्रेंड है टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का प्रभाव, दूसरा ग्लोबल ग्रोथ के लिए इन्फ्रास्टेक्चर की इंपोर्टेंस, तीसरा ह्यूमन रिसोर्स और फ्यूचर ऑफ वर्क में तेजी से हो रहा बदलाव। चौथा कंपेशन एंड एनवायरमेंट और पांचवां बिजनेस फ्रेंडली गवर्नन्स।

प्रधानमंत्री ने व्यापार को सुगम बनाने के लिए सरकार के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत 2024 तक रिफाइनरी, पाइपलाइन और गैस टर्मिनल के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा ताकि ऊर्जा उत्पादन के लिए ढांचा कायम किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संस्था संघर्ष समाधान के लिए एक वांछित संस्थान के रूप में विकसित नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि शक्तिशाली देशों ने संयुक्त राष्ट्र को संस्थान की बजाय औजार के रूप में अधिक देखा है।

**दोनों देशों के बीच 12 समझौते**

प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच 12 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। जिन क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए उनमें सुरक्षा सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा, अवैध व्यापार और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने तथा नागर विमानन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। दोनों पक्षों के बीच पहला नौसैन्य अभ्यास 2019 के अंत या अगले साल की शुरुआत में होगा।

**भारत-सऊदी अरब रणनीति साझेदारी परिषद का गठन**

दोनों देशों ने सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण मुद्दों संबंधी निर्णयों पर समन्वय के लिए भारत-सऊदी अरब रणनीति साझेदारी परिषद गठित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस परिषद की अगुआई प्रधानमंत्री मोदी और युवराज मोहम्मद करेंगे और यह दो साल के अंतराल पर मिला करेगी।

**रुपे कार्ड शुरू करने के संबंध में सहमति**

दोनों देशों ने रुपे कार्ड शुरू करने के संबंध में भी एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। सऊदी अरब में 26 लाख भारतीय काम करते हैं। भारत से करीब दो लाख हाजी और तीन लाख उमराह तीर्थयात्री हर साल सऊदी अरब का दौरा करते हैं और रुपे कार्ड की स्वीकार्यता उन्हें सस्ते लेन-देन में मदद करेगी।

## यूरोपीय संघ के सांसदों के शिष्टमंडल ने जम्मू-काश्मीर का दौरा किया

विभिन्न यूरोपीय देशों के 23 संसद सदस्यों के शिष्टमंडल ने 29-30 अक्टूबर को जम्मू-काश्मीर का दौरा किया। इस शिष्टमंडल में यूरोपीय संसद के इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड से संबंधित सदस्य शामिल थे। कश्मीर जाने से पहले इन सांसदों ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी।

काश्मीर की स्थिति के बारे पाकिस्तान के बयानों से निपटने तथा सरकार की विकास और प्रशासनिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट के लिए यह एक प्रमुख कूटनीतिक कदम थी। यह शिष्टमंडल संविधान के अनुच्छेद 370 के अंतर्गत जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा निरस्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के सरकार के निर्णय के बाद राज्य का दौरा करने वाला पहला विदेशी शिष्टमंडल था।



यूरोपीय शिष्टमंडल ने दो दिन की यात्रा के दौरान पंचों और सरपंचों सहित विद्यार्थियों, महिलाओं, व्यापारियों और फल उत्पादकों से भेंट की। शिष्टमंडल ने डल झील में शिकारा भ्रमण भी किया। उनकी यात्रा का उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र में समग्र स्थिति का मौके पर जाकर ज़ायजा लेना था।

यूरोपीय शिष्टमंडल ने इस यात्रा के क्रम में आतंकवाद को समाप्त करने के प्रयासों में भारत का समर्थन किया। सांसदों ने कहा कि स्थाई शांति और आतंकवाद के सफाये के प्रयासों में वे भारत के साथ हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने को भारत का आंतरिक मामला बताया।

## लेबनान के प्रधानमंत्री साद हरीरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया

लेबनान के प्रधानमंत्री साद हरीरी ने 29 अक्टूबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति मिशेल आउन को दिया। इस्तीफे से देश में हो रहे सामूहिक प्रदर्शनों की एक मांग पूरी हो गई है।



प्रधानमंत्री साद हरीरी ने इस्तीफा वहां हो रहे सामूहिक प्रदर्शनों के कारण दिया है। लेबनान में भ्रष्टाचार, सार्वजनिक सेवाओं की खस्ताहाल स्थिति और सालों से हो रहे आर्थिक कुप्रबंधन के कारण पिछले 13 दिनों से सामूहिक प्रदर्शन हो रहे थे। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री साद हरीरी को हटाने की मांग कर रहे थे। हरीरी ने जनवरी 2019 में पदभार ग्रहण किया था।

## 2025 तक देश के कम से कम 70 प्रतिशत शिशुओं को मां का दूध उपलब्ध कराने का लक्ष्य

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 तक देश के कम से कम 70 प्रतिशत शिशुओं को मां का दूध उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बाद में इसे बढ़ाकर 100 प्रतिशत किया जायेगा।

ब्राजील में मातृ दुग्ध बैंक की सफलता से प्रेरित होकर भारत ने भी ऐसा ही व्यापक नेटवर्क बनाने का फैसला किया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने ब्राजील में ब्रिक्स देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के सम्मेलन से लौटने के यह जानकारी दी।

## जोजो गोल्फ चैम्पियनशिप 2019: टाइगर वुड्स ने सैम स्नेड के रिकॉर्ड की बराबरी की

दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने 28 अक्टूबर को जोजो चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। वुड्स के करियर का यह 82वां यूएस पीजीए टूर खिताब था।



इस जीत के साथ ही वुड्स ने सैम स्नेड के 54 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की। टाइगर वुड्स के बायें घुटने की सर्जरी अगस्त में हुई थी, जिसके बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट है। इस जीत से वुड्स को पुरस्कार राशि के रूप में 17.55 लाख डॉलर मिले।

**जोजो गोल्फ चैम्पियनशिप:** जोजो गोल्फ चैम्पियनशिप 2019 का आयोजन जापान के इनजाई में किया गया था। यह जापान में PGA (Professional Golfers' Association) टूर द्वारा आयोजित पहला टूर्नामेंट है।

**टाइगर वुड्स:** एल्ड्रिक टोंट वुड्स (**निक नाम:** टाइगर वुड्स) अमेरिकी पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी हैं। वे पूर्व विश्व नंबर 1 तथा दुनिया के सर्वोच्च पेशेवर खिलाड़ी हैं।